समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# जातीय जनगणना की तारीख का यूपी चुनाव से क्या कनेक्शन है ? जानिए पूरी रिपोर्ट।

Publisher

Published on 04 Jun 2025



## 2027 मे जंहां एक ओर उत्तर प्रदेश मे विधानसभा चुनाव होंगे, वहीं उसी समय जातीय जनगणना भी शुरू हो सकती है। क्या यह संयोग है या सियासी रणनीति ? जानिए विस्तार से।

**2027 मे एंक साथ दो बड़ी प्रक्रिया : यूपी चुनाव और जातीय जनगणना**
भारत में वर्ष 2021 से लंबित जनगणना प्रक्रिया अब वर्ष 2027 में शुरू हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, **1 मार्च 2027 से देशभर मे जंनगणना** की शुरुआत होगी, जिसमें **जातियों की गिनती** भी शामिल रहेगी। यह लगभग **96 साल बाद** होगा जब भारत में **जातीय आधार पर गणना** की जाएगी।

सबसे अहम बात यह है कि उसी समय **उत्तर प्रदेश मे विधानसभा चुनाव 2027** के लिए हो सकते हैं। यानी जब **यूपी मे मंतदान** चल रहा होगा या अंतिम चरण में होगा, ठीक उसी दौरान जातीय जनगणना भी शुरू हो जाएगी।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह समय ?**
वर्ष **2017** और **2022** के **विधानसभा चुनावों** पर नजर डालें तो:
१. **2017 मे मंतदान 17 जनवरी से 8 मार्च तक चला और 19 मार्च को सरकार बनी।**
२. **2022 मे मंतदान 14 जनवरी से 7 मार्च तक चला और योगी आदित्यनाथ ने 25 मार्च को शपथ ली।**

इस पैटर्न को देखें तो **2027** में भी जनवरी से मार्च के बीच चुनाव होने की पूरी संभावना है। ऐसे में 1 मार्च से शुरू हो रही **जातीय जनगणना** का राजनीतिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

जातीय जनगणना को लेकर राजनीतिक दलों की स्थिति

**समाजवादी पार्टी, कांग्रेस** और **बहुजन समाज पार्टी** जैसे विपक्षी दल लंबे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं।

**बीजेपी** के सहयोगी दल जैसे **सुभासपा, निषाद पार्टी** और **अपना दल (एस)** भी इसका समर्थन करते रहे हैं।

बीजेपी के भीतर भी कुछ वर्ग जातीय जनगणना की वकालत करते हैं, हालांकि पार्टी का रुख आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं रहा।

## हिमालयी राज्यों मे जंनगणना पहले

सूत्रों के अनुसार, **जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, लद्दाख** और **हिमाचल प्रदेश** जैसे पहाड़ी राज्यों में **जनगणना अक्टूबर 2026** में ही कर ली जाएगी। बाकी राज्यों में यह प्रक्रिया **1 मार्च 2027** से आरंभ होगी।

## चुनाव आयोग और समयसीमा

चुनाव आयोग को विधानसभा का कार्यकाल पूरा होने के **6 महीने** के भीतर कभी भी चुनाव कराने का अधिकार है। ऐसे में यदि **दिसंबर 2026** के अंत या **जनवरी 2027** की शुरुआत में चुनाव की घोषणा होती है, तो **जनगणना** शुरू होने तक नई सरकार का गठन नहीं हो सकेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.